**निरीक्षण** | बीजाडांडी सीएचसी में संभागीय आयुक्त का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के लिए दिए सख्त निर्देश, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

# मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रशासन सक्रिय





**बीजाडांडी, नवभारत।** जबलपुर संभाग के संभागीय आयुक्त ने बीजाडांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में प्रदाय की जा रही चिकित्सा सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जनहित में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

जानकारी अनुसार बीजाडांडी सीएचसी का औचक निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने मरीजों के लिए अत्यधिक तापमान को देखते हुए ओपीडी वेटिंग एरिया में तत्काल कूलर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी वार्डों में पीने के पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और मरीजों के परिजनों के बैठने की समुचित जगह उपलब्ध कराने को कहा।

निरीक्षण के दौरान ओपीडी के सभी अभिलेखों को व्यवस्थित करने और टीकाकरण कक्ष के बाहर वहां लगाए जा रहे सभी टीकों की सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। लैब सेवाओं की जानकारी बाहर प्रदर्शित करने और मरीजों की जांच रिपोर्ट की दैनिक मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। जनरल वार्ड में सभी मरीजों के लिए टीपीआर चार्ट का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा गया है।

### राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा

मरीजों को डाइट चार्ट के अनुसार ही भोजन उपलब्ध कराने तथा संस्था के बाहर पड़े सभी खराब उपकरणों एवं अनुपयोगी सामग्रियों का तत्काल नियमानुसार अपलेखन करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, टीबी मरीजों की जांच व उपचार, निक्षय मित्र, फूड बास्केट, और सिकलसेल मरीजों की जांच की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने इन सभी कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. भरत खटीक, निहार दीवान आरएमएनसीएच कॉर्डीनेटर, पीएल कोरी जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1, डॉ. सुमित सिंगौर जिला क्षय अधिकारी, डॉ. अजय तोष मरावी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दिनेश कुमार गौर चिकित्सा अधिकारी, गौरव साहू डीपीसी, तपन गजभिये बीपीएम. राकेश विश्वकर्मा, कमलेश मरावी, नितिन साहू फार्मासिस्ट, श्रीमति ज्योति यादव, नेहा सोनी, तरूण संत एवं समस्त स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहे।



# ट्रक-तूफान की भिड़ंत में 9 श्रमिक घायल

**एनएच तीस पर पदमी के पास भीषण सडक़ हादसा, चालक की मौत**

**मंडला/पदमी, नवभारत.** जिले के नेशनल हाईवे-30 पर गुरुवार देर रात दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। हिरदेनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत पदमी चौराहा के पास एक तूफान वाहन और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

हादसे में तूफान वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार 9 श्रमिक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ग्राम मधुपुरी से करीब 10 श्रमिक तूफान वाहन से केरल काम करने जा रहे थे। देर रात करीब 2 बजे पदमी चौराहा के पास सामने से आ रहे ट्रक से वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए।

हादसे की सूचना मिलते ही हिरदेनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने चालक ग्राम घोंटा निवासी नरेश बंजारा (30) को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। हिरदेनगर चौकी प्रभारी हरछठ ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने ट्रक जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।





# कृषि विभाग के प्रभारी उपसंचालक के खिलाफ किसान कांग्रेस का प्रदर्शन

**पुतला दहन कर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप**

**मंडला।** जिले में किसानों की विभिन्न समस्याओं और कृषि विभाग में कथित भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को किसान कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चिलमन चौक स्थित कृषि विभाग कार्यालय पहुंचकर प्रभारी उपसंचालक कृषि अशवनी झारिया का पुतला दहन किया तथा जमकर नारेबाजी करते हुए किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे। इस अवसर पर बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, जनपद पंचायत मंडला अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, कांग्रेस नेता अभिनव नद्दू चौरसिया तथा किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिले में गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। किसानों को स्लॉट बुकिंग नहीं मिल रही, जबकि कई किसानों की स्लॉट बुकिंग होने के बावजूद बारदाना उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण किसान मजबूरी में अपना गेहूं खुले बाजार में कम दामों पर बेचने को विवश हैं। जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले 20-25 दिनों से स्लॉट बुकिंग बंद पड़ी है और प्रशासन केवल तारीख बढ़ाकर किसानों को गुमराह कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गेहूं नहीं बिक पाने के कारण बैंक एवं समितियों से ऋण लेने वाले किसानों को डिफाल्टर घोषित किए जाने की स्थिति बन रही है।

किसान कांग्रेस ने कृषि विभाग के अधिकारियों पर शासन की योजनाओं में भ्रष्टाचार करने, खाद-बीज वितरण में अनियमितता बरतने तथा किसानों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि जिले में यूरिया एवं डीएपी खाद की भारी कमी बनी हुई है, जबकि बाजार में नकली खाद एवं बीज खुलेआम बेचे जा रहे हैं। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान कृषि विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर प्रभारी उपसंचालक अशवनी झारिया का पुतला फूंका गया। किसान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। किसान कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि गेहूं खरीदी तत्काल सुचारु कराई जाए, सभी किसानों को स्लॉट उपलब्ध कराया जाए, खाद-बीज की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो तथा नकली खाद-बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## सिझोरा विद्युत कार्यालय का घेराव, बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन

मवई वनांचल क्षेत्र में व्याप्त भीषण बिजली संकट एवं अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सिझोरा स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। देवगांव क्षेत्र सहित वनांचल के अधिकांश गांवों में पिछले लगभग 15 दिनों से विद्युत सप्लाई पूरी तरह बंद है, जिससे आमजन, किसान, छात्र एवं ग्रामीण परिवारों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, मोबाइल चार्ज तक नहीं हो पा रहे हैं तथा पेयजल व्यवस्था सहित दैनिक जरूरतों के कार्य बाधित हो रहे हैं। ग्रामीण अंधकार में जीवन जीने को मजबूर हैं। बताया गया कि देवगांव, जो मध्यप्रदेश के अंतिम छोर पर बसा हुआ क्षेत्र है, वहां विद्युत संकट सबसे अधिक गंभीर बना हुआ है। कई गांवों में बिजली कनेक्शन तक उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी लोगों को लगातार बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। वहीं जिन गांवों में कनेक्शन हैं, वहां कई दिनों से सप्लाई पूरी तरह बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार 24 घंटे बिजली देने के दावे करती है, लेकिन वनांचल क्षेत्र की वास्तविक स्थिति बेहद दयनीय है। आज दोपहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष रानू हरदाहा अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ विद्युत कार्यालय पहुंचे और जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने का प्रयास किया। लेकिन कार्यालय में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला, जिससे ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी गई। आक्रोशित ग्रामीण एवं कांग्रेसजन कार्यालय के सामने ही धूप में बैठकर धरना देने लगे। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आज शाम तक विद्युत सप्लाई बहाल कर दी जाएगी तथा इस मामले में लापरवाही बरतने वाले लाइनमैनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांग दोहराई कि तत्काल विद्युत व्यवस्था बहाल की जाए, अघोषित कटौती बंद की जाए तथा वनांचल क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में स्थायी सुधार किया जाए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष रानू हरदाहा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शाम तक विद्युत सप्लाई बहाल नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा एवं विद्युत विभाग का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंजनियां दरगाह शरीफ में आज मनाया जाएगा उर्स मुबारक

**अंजनियां.** नगर स्थित दरगाह शरीफ में हजरत सैयद दाता मंसूर अली शाह चिश्ती का उर्स मुबारक हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और अकीदत के साथ 23 मई 2026, शनिवार को मनाया जाएगा। उर्स को लेकर दरगाह परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर में लंगर का विशेष इंतजाम किया गया है, जहां जायरीन और अकीदतमंदों के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत शाही संदल जुलूस नमाज-ए-मगरिब के बाद बस स्टैंड अंजनियां से निकाला जाएगा। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा। उर्स के मौके पर रात 9 बजे से क्षेत्रीय कलाकारों की ओर से कव्वाली कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके पूर्व 22 मई को नमाज-ए-ईशा के बाद मिलाद शरीफ का आयोजन किया जाएगा। उर्स कमेटी ने सभी अकीदतमंदों से कार्यक्रम में शामिल होकर दुआ और आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# कान्हा में केनाइन डिस्टेंपर वायरस संक्रमण रोकथाम को लेकर सतर्कता बढ़ी

**मंडला.** कान्हा टाइगर रिजर्व में केनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव को लेकर लगातार निगरानी और सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में 21 मई 2026 को इको सेंटर खटिया में क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कोर एवं बफर, सभी सहायक संचालक, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी तथा फील्ड बायोलॉजिस्ट उपस्थित रहे। इस दौरान सीडीवी संक्रमण की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों, बाघ सहित अन्य वन्यजीवों के सतत अनुश्रवण, डॉग वैक्सीनेशन कार्यक्रम तथा अन्य आवश्यक निवारक उपायों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को संक्रमण नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक के बाद क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक बफर वनमंडल ने छपरी एवं सरेखा इको विकास समितियों की बैठक लेकर ग्रामीणों से सीडीवी संक्रमण की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों से सुझाव एवं विचार भी प्राप्त किए गए।

# पटनीपानी के ग्रामीणों को मिली उम्मीद की किरण

**आम आदमी पार्टी की पहल पर ग्राम पटनीपानी और चंदना टोला में मूलभूत सुविधाओं के लिए शुरू हुई कवायद**





**घुघरी/मंडला, नवभारत।** ग्राम पंचायत पटनीपानी के निवासियों के लिए लंबे समय से चली आ रही सड़क, बिजली और पानी की समस्या के समाधान की उम्मीदें अब परवान चढ़ने लगी हैं। आम आदमी पार्टी मंडला की टीम के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया गया कि आम आदमी पार्टी के जिला पदाधिकारियों ने लगभग 5 दिन पूर्व मंडला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर ग्राम पटनीपानी की बदहाल स्थिति से अवगत कराया था। इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर 21 मई को राजस्व निरीक्षक और पटवारी ने ग्राम का दौरा कर पंचनामा तैयार किया।

बताया गया कि इस सिलसिले में आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी घुघरी से भेंट की। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि वे स्वयं और तहसीलदार के साथ ग्राम का दौरा करेंगे और समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित था और बार-बार आवेदन देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। आप पार्टी की सक्रियता से महज एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों में खुशी है।

### अन्य ग्रामों के लिए भी बढ़ाए मदद के लिए हाथ

पार्टी की टीम ने देवहरा पंचायत के चंदना टोला की दयनीय स्थिति को देखते हुए, वहां भी विकास कार्यों और आवश्यक सुविधाओं के लिए एसडीएम को आवेदन देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी, जिला अध्यक्ष (बौद्धिक प्रकोष्ठ) अशोक पांडे, प्रियम गोस्वामी और सतीश धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**अनोखा आयोजन** | अंतरराष्ट्रीय मधुमक्खी दिवस पर मंडला में अनोखा आयोजन

# रोजगार और पर्यावरण जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम में नवाचारों की सराहना





**मंडला।** नाबार्ड और सेंटर ऑफ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवलपमेंट (सीडीवीडी) के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मधुमक्खी दिवस का आयोजन नवाचार और जागरूकता के साथ किया गया। कार्यक्रम में मधुमक्खी संरक्षण, शहद उत्पादन, पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण रोजगार जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल मिश्रा ने कहा कि आयोजन से लोगों को मधुमक्खियों के महत्व और संरक्षण की दिशा में नई जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड और सीडीवीडी संस्था मधुमक्खी संरक्षण को लेकर जो नवाचार कर रही है, वह मंडला जिले के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि मधुमक्खी संरक्षण और शहद उत्पादन के क्षेत्र में इस प्रकार का बड़ा और व्यवस्थित कार्य उन्होंने पहली बार देखा है। उन्होंने कहा कि संस्था के प्रयासों से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। नाबार्ड के डीडीएम देवब्रत पाल ने नाबार्ड की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं और शहद परियोजना की जानकारी देते हुए कहा कि वनों और मधुमक्खियों का संरक्षण जलवायु संतुलन और सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विकास कार्य कर रहा है।

### मधुमक्खी मित्र सम्मान की शुरुआत

कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने घोषणा की कि अब मधुमक्खी संरक्षण में योगदान देने वाले लोगों को 'मधुमक्खी मित्र सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत ग्राम कांडरा के पुरुषोत्तम उइके एवं काशीराम तथा हर्रा टोला के क्लार सिंह परस्ते को मुख्य अतिथियों ने श्रीफल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को मधुमक्खी संरक्षण की शपथ दिलाई गई। आयोजन में सुधीर कन्स्कार, नीरज अग्रवाल, शशांक चौबे, डॉ गजेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में हनी हन्टर्स, सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन साबरीन खान एवं फलक कुरैशी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन फिरोज खान ने किया।

सीडीवीडी संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मधुमक्खियों के महत्व, संरक्षण और शहद संग्रहण की सुरक्षित तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था नाबार्ड के सहयोग से जिले में नवाचार आधारित कार्य कर रही है तथा पारंपरिक हनी हन्टर्स को सुरक्षित और सरल तकनीक से शहद निकालने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। कृषि विभाग की डिप्टी डायरेक्टर मधु अली ने कहा कि मधुमक्खियों के परागण से कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है और इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को इसे समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में एलडीएम सुजय कुमार एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ केके अवस्थी ने बैंकिंग सुविधाओं, बीमा और वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी। आरसेटी डायरेक्टर राजेश राय ने विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। पर्यावरण विशेषज्ञ राजेश क्षत्री ने मधुमक्खियों और पर्यावरण के संबंध को विस्तार से समझाया।

### पोस्टर प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में 'यदि मधुमक्खियां विलुप्त हो जाएं तो क्या होगा?' विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें 23 प्रतिभागियों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से जागरूकता संदेश दिए। प्रतियोगिता में शालिनी पटेल ने प्रथम, गरिमा शुक्ला ने द्वितीय और रीता अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आद्या अग्रवाल, प्रिंस सोनवानी और प्रज्ञा नंदा को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण और टीकाकरण पर हुई चर्चा

**स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित**



**मंडला।** स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक क्षेत्रीय संचालक स्तर पर आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीजे मोहन्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि कमिश्नर धनंजय सिंह भदोरिया के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ भरत कुमार, जबलपुर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की क्षेत्रीय संचालक सोलंकी ने की। बैठक में संभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, एनसीडी, टीबी, आरबीएसके, एनआरसी, एसएनसीयू तथा एनीमिया मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन, मॉडरेट एवं सीवियर एनीमिया, पीआईएच प्रबंधन तथा संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। मातृ मृत्यु प्रबंधन एवं डिलीवरी सेवाओं की समीक्षा के दौरान बिछिया, घुघरी एवं मंडला अर्बन क्षेत्र की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। रिक्त उपस्वास्थ्य केंद्रों में सीएचओ के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की क्षेत्रीय संचालक ने नवविवाहित महिलाओं की समग्र आईडी समय पर तैयार करने पर बल दिया, ताकि भविष्य में गर्भावस्था संबंधी रिकॉर्ड अद्यतन रखने में सुविधा हो सके।



स्व. सिद्धार्थ सैनी 'तनु'

पाचवां पुण्य स्मरण 23.05.2026
स्वर्गवास- 23.05.2021
'तनु' बेटा हम सभी से नाराज होकर अचानक क्यों चले गये,
तुमसे बहुत उम्मीद थी, तुम्हारी बहुत याद आती है....
ईश्वर आपको अपने श्रीचरणों में स्थान दें...
--शोकाकुल परिवार--
समस्त दादा-दादी, नाना-नानी, श्रीमति सरोज- उमेश कुमार (माता-पिता), राजेश कुमार, राकेश कुमार (चाचा), श्रीमति रंजना-प्रकाश सैनी, श्रीमति अंजना- अजय सिंह (बुआ-फूफा), अनुज सैनी, शुभम सैनी, चित्रांश सिंह, अमन सैनी (भाई), श्वेता ,निकिता, पलक, पूर्वी (बहिन),
सुभाष वार्ड, मण्डला म.प्र./ संस्कृति विहार, प्रिंस वेली स्कूल के पास, रामा लाइफ सीटी के पीछे, सकरी, बिलासपुर छ.ग.
Vikas